झारखण्ड सरकार

कृषि एवं गन्ना विकास विभाग

पत्रांक : 3/कृ॰ऋ॰यो॰-08/2009-10 6158 रांची/दिनांकः 31-10-09

प्रेषक,

अमरेन्द्र प्रताप सिंह,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

निदेशक, कृषि
झारखण्ड, रांची।

विषय : राज्य के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा कृषि ऋण सुविधा के लिए के0 सी0 सी0 के पर्याप्त आवेदन पत्रों को बैंको को उपलब्ध कराने के संबंध में

प्रसंगः स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी, झारखण्ड का पत्रांक एस0एल0बी0सी0/ए0बी0/107/417, दिनांक 23.09.2009 एवं सांख्यिक वित्त एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक 1115 दिनांक 15.10.2009

महाशय,

उक्त विषय के कम में कहना है कि झारखण्ड राज्य के अन्दर लगभग 39 लाख किसान वर्ष 2001 के जनगणना के अनुसार है, जबकि लगभग 9 लाख किसानों को ही अभी तक किसान क्रेडिट कार्ड मिला हुआ है। यह संख्या अत्यन्त कम है, जिसके कारण राज्य में लगभग 2500 करोड़ की वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध कृषि क्षेत्र में वर्ष 2008-09 में ऋण प्रवाह मात्र 950 करोड़ के करीब था। वित्तीय वर्ष 2009-10 में जून तिमाही तक यह ऋण मात्र 213 करोड़ के करीब था।

उक्त से स्पष्ट है कि कृषि के क्षेत्र में ऋण एक बड़ी समस्या है। इसके निदान के लिए विभाग द्वारा एस0एल0बी0सी0 के सहयोग से एक help desk रांची समाहरणालय में संचालित किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ प्रगति हुई है एवं विकास आयुक्त, झारखण्ड द्वारा नियमित मोनिटरिंग की जा रही है जिसके कारण इस वित्तीय वर्ष में अबतक लगभग 1 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड मुहैया कराया गया है।

Dictation

उक्त प्रयास में तेजी लाने के लिए सुखाड़ के मद्दे नजर special task force की 19.09.2009 की बैठक प्रधान सचिव, सांख्यिक वित्त एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, झारखण्ड, रांची की अध्यक्षता में हुई थी जिसमें निम्न निर्णय लिए गए थे :

"Director Agriculture should implement the decision taken in the last meeting held on 8th September, 2009, for sponsoring of KCC proposal/application forms which should be complete in all respects to bank branches with the assistance of District Agriculture Officers "

अतः उक्त के क्रम मे निदेश है कि आप इसका नियमित मोनिटरिंग कराए और प्रत्येक पंचायतवार कम से कम 100 प्रगतिशील किसानों को वित्तीय वर्ष 2009-10 में किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने में पूर्ण सहयोग करें। उनके आवेदन पत्रों को पूर्णतः पूर्ण तरीकों से भरकर, बैंको तक पहुंचाया जाए। इस हेतु आप अपने अधीनस्थ को दिशा - निर्देश दे तथा साप्ताहिक मोनिटरिंग on - line करें एवं प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराए।

इस हेतु आवश्यक होगा कि बैंको से तथा help desk के सम्पर्क में बने रहें।

इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वास भाजन

Ap 30/10/09
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक : 6158 रांची/दिनांक : 31-10-09

प्रतिलिपि : विकास आयुक्त के सचिव, झारखण्ड सरकार/प्रधान सचिव, सांख्यिक वित्त एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, झारखण्ड, रांची/विशेष सचिव, कृषि एंव गन्ना विकास विभाग, झारखण्ड, रांची/मुख्य प्रबंधक, इलाहाबाद बैंक सह समन्वयक, एस0एल0बी0सी0, झारखण्ड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित।

Ap 30/10/09
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक : 6158 रांची/दिनांक : 31-10-09

प्रतिलिपि : निदेशक कृषि/समेति/भूमि संरक्षण/उद्यान/राज्य बागवानी मिशन, झारखण्ड, रांची/संयुक्त कृषि निदेशक, रांची/दुमका/हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Ap 30/10/09
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक : 6158 रांची/दिनांक : 31-10-09

प्रतिलिपि : सभी जिला कृषि पदाधिकारी/सभी जिला उद्यान पदाधिकारी/सभी जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Ap 30/10/09
सरकार के सचिव।

निदेशक [illegible]